दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

टेट के लिए एडमिट कार्ड जारी

बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड किए टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी के प्रवेश पत्र

नगर संवाददाता- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टेट नवंबर-2026 के अंतर्गत टीजीटी (आर्ट्स) एवं जेबीटी विषयों की परीक्षाएं 22 नवंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टेट (आर्ट्स) की परीक्षा प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 14,186 अभ्यर्थी प्रदेशभर के 80 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, जेबीटी विषय की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 7,773 अभ्यर्थी 61 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं, वे बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर टेट लिंक के माध्यम से अपना एप्लीकेशन नंबर एवं जन्मतिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा से पहले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसमें अंकित विवरणों एवं परीक्षा केंद्र की जानकारी को ध्यानपूर्वक जांच लें तथा निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।



■ 22 नवंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगा एग्जाम

छात्रवृत्ति के लिए अब 30 नवंबर तक करें आवेदन

शिमला। हिमाचल प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति के आवेदन से वंचित रह गए विद्यार्थियों को सरकार ने एक और मौका दिया है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल को दोबारा खोल दिया गया है। विद्यार्थी 30 नवंबर, 2026 तक विभिन्न केंद्र प्रायोजित और राज्य प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा कर सकेंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी सरकारी और निजी वरिष्ठ माध्यमिक तथा उच्च विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। जारी शेड्यूल के अनुसार, विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। वहीं, संस्थान स्तर यानी आईएनओ लेवल वन पर आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर और दूसरे स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2026 तय की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर है।

Amar Ujala Dt: 19/11/2026

टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी टेट 80 केंद्रों पर 22 नवंबर को

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से टीईटी के तहत टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी की परीक्षाएं 22 नवंबर को आयोजित की जाएंगी। दोनों परीक्षाओं के एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। इसके लिए प्रदेश में 80 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। संवाद

Dainik Jagran Dt: 19/11/2026

टीजीटी आर्ट्स व जेबीटी टेट 22 को, एडमिट कार्ड जारी

धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने टेट नवंबर-2026 के तहत टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। टेट 22 नवंबर को प्रदेशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगा। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। टीजीटी (आर्ट्स) टेट दिन में 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। जेबीटी टेट दोपहर दो बजे से सायं 4:30 बजे तक होगा। (जासं)

Published by Education Department

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

सरकारी स्कूलों में ही बनाए जाएंगे एसओएस परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता-शिमला

- 10वीं और जमा दो की परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला
- परीक्षा में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए लिया फैसला



हिमाचल प्रदेश में राज्य मुक्त विद्यालय के तहत होने वाली दसवीं और जमा दो की परीक्षाओं के लिए अब परीक्षा केंद्र केवल सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में ही स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा निदेशालय ने स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव को निर्देश दिए हैं कि आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों का आबंटन इसी निर्णय के अनुरूप किया जाए। इसके लिए केंद्रों की सूची को अंतिम रूप देने से पहले आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। निदेशालय ने इस फैसले पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

टीईटी नवंबर-2026 : टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध

22 नवंबर को होंगी परीक्षाएं, 21,959 अभ्यर्थी प्रदेश के 141 परीक्षा केंद्रों में देंगे परीक्षा

सवेरा न्यूज/ब्यूरो

धर्मशाला, 18 नवंबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीईटी नवंबर-2026 के तहत टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी विषयों की परीक्षाएं 22 नवंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। इसमें 14,186 अभ्यर्थी प्रदेश के 80 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे।

वहीं, जेबीटी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगी, जिसमें 7,773 अभ्यर्थी 61 केंद्रों में बैठेंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे होगी । डॉ. शर्मा ने बताया कि दोनों विषयों के एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट के टीईटी लिंक पर जाकर एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से एडमिट कार्ड में दर्ज विवरण और परीक्षा केंद्र की जानकारी जांचने तथा निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचने का आग्रह किया। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क किया जा सकता है।

Himachal Dastak Dt: 19/11/2026

एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा टेट नवंबर-2026 के अंतर्गत टीजीटी (आर्ट्स) एवं जेबीटी विषयों की परीक्षाएं 22 नवंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। टीजीटी (आर्ट्स) की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 14,186 अभ्यर्थी प्रदेशभर के 80 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, जेबीटी विषय की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 7,773 अभ्यर्थी 61 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि अढ़ाई घंटे निर्धारित की गई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं, वे बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर लिंक के माध्यम से अपना एप्लीकेशन नंबर एवं जन्मतिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

Bhartendu Shikhar DT: 19/11/2026

टीईटी नवंबर-2026 : टीजीटी आर्ट्स व जेबीटी के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने टीईटी नवंबर-2026 के तहत टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी परीक्षाओं के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि दोनों परीक्षाएं 22 नवंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि टीजीटी आर्ट्स की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी, जिसमें 14,186 अभ्यर्थी 80 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। वहीं, जेबीटी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगी। इसमें 7,773 अभ्यर्थी 61 केंद्रों पर बैठेंगे। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर टीईटी लिंक के माध्यम से आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और परीक्षा केंद्र का विवरण पहले जांचने की सलाह दी है। अधिक जानकारी के लिए 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।